आदेश पत्रक
न्यायालय : उपजिलाधिकारी
मण्डलः गोरखपुर, जनपद : महराजगंज, तहसील : नौतनवॉ

वादसंख्या : 02265/2020
कम्प्यूटरीकृतवाद संख्या : T202015060103755
बृजलाल स्मारक महाविद्यालय बनाम सरकार
अन्तर्गत धाराः–80,अधिनियमः–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006

निर्णयादेश

प्रस्तुतवाद वादी श्रीमती अनुपमा यादव पुत्री श्री राम यादव निवासी ग्राम राजाबारी पोस्ट ठूठीबारी, परगना विनायकपुर तहसील नौतनवॉ जिला महराजगंज प्रबन्धक बृजलाल स्मारक महाविद्यालय, राजाबारी, ठूठीबारी, द्वारा मौजा राजाबारी, तहसील नौतनवॉ, जिला महराजगंज के गाटा सं0 383/0.648, 385/0.304 का कुल रकबा 9520 मी0^2 को गैर अकृषिक भूमि घोषित करने हेतु दाखिल किया गया है कि अराजी निजाई पर कृषि कार्य नही किया जाता है।

तहसीलदार नौतनवॉ, महराजगंज से स्थलीय जांच आख्या प्राप्त की गई। तहसीलदार नौतनवॉ की आख्या दिनांक 10.01.2022 मे उल्लेख किया गया है कि ग्राम राजाबारी, परगना विनायकपुर तहसील नौतनवॉ, जिला महराजगंज मे स्थित गाटा सं0, 383/0.648, 385/0.304, का कुल रकबा 9520 मी0^2 पर, तराई डवलेपमेन्ट ट्रस्ट राजाबारी तहसील नौतनवॉ, जिला महराजगंज के नाम स्थित है। जो चक0आकार पत्र 23 भाग 1 में सकमणीय भूमिघर अंकित है। जिस पर विद्यालय बना है और भूमि के चारो तरफ चहरदीवारी है।

तहसीलदार नौतनवॉ, महराजगंज की आख्या प्राप्त होने के उपरान्त मैनें पत्रावली की सम्यक अवलोकन किया। वादी द्वारा अपने कथन के समर्थन मे, मौजा राजाबारी, परगना विनायकपुर के जो0चक0आकार पत्र 23 भाग 1 प्रस्तुत किया गया है, तथा उ0प्र0राजस्व संहिता नियमावली 2016 में अकृषिक घोषित करने के लिए धारा 80(1) के अन्तर्गत उदघोषणा शुल्क नायब तहसीलदार नौतनवॉ, महराजगंज की आख्या के उपरान्त मु0 46850.00(रू0छियालीस हजार आठ सौ पचास)चालान सं0 ए0 444 दिनांक 25.02.2022 को जमा किया जा चुका है। जो संलग्न पत्रावली है। ऐसी दशा में आराजी ने जायी को अकृषिक एवं भूराजस्व रहित भूमि घोषित किया जाना न्याय संगत प्रतीत होता है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचना के आधार पर मौजा राजाबारी, तहसील नौतनवॉ महराजगंज के गाटा सं0 383/0.648, 385/0.304, का कुल रकबा 9520 मी0^2 भूमि को अकृषिक एवं भूराजस्व रहित भूमि घोषित किया जाता है। तदद् अनुसार परवाना अमल दरामद जारी हो बाद अमददरामद पत्रावली समर्पित अभिलेखालय की जाय।

दिनांक 28.02.2022 पृष्ठ संख्या :

उप जिलाधिकारी
नौतनवॉ

यह आदेश आज खुले न्यायालय में मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं दिनांकित कर उदघोषित किया गया।
दिनांक 28.02.2022

उप जिलाधिकारी
नौतनवॉ